Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding ban on liquor and its illicit trade in Bihar.

श्री राजीव प्रताप रूडी (सारण): धन्यवाद सभापति महोदय। हम लोगों ने भारत और दुनिया में पर्यटन देखा है, लेकिन मौत का पर्यटन नहीं देखा है, जो हमारे क्षेत्र में कल से शुरू हुआ है। मैं बिहार में छपरा से हूं। बिहार में शराबबंदी है। शराबबंदी से मुझे काई आपत्ति नहीं है। लेकिन, शराबबंदी के कारण अगर मौत होती है और अवैध व्यापार होता है तो यह हमारे लिए चिंता का विषय है। नीतिगत सरकारें निर्णय लेती हैं। आजकल लोग शाम में वर्ल्ड कप का स्कोर देखते हैं, लेकिन मैं कल शाम से अपनी कांस्टिट्यूएंसी का स्कोर देख रहा हूं कि कितने लोग मरे हैं। तीन, चार, पांच, छः, आठ, दस, बारह और अभी सैंकड़ों लोग मौत से जुझ रहे हैं। उनकी आँखों की रोशनी जा रही है। आखिर यह कहां का न्याय है? मरने वाले सभी बिहार में छपरा के गरीब लोग हैं। यहां हमारे मित्र सीग्रीवाल साहब बैठे हुए हैं। हम दोनों का क्षेत्र एक है। … (व्यवधान)

HON. CHAIRPERSON: What is your demand, Rudy *Ji* ?

श्री राजीव प्रताप रूडी: सभापति महोदय, मेरी मांग क्या होगी? अभी पूरे बिहार में मौत का माहौल है। मांग क्या करनी है? आज गुजरात में शराबबंदी है, लेकिन वहां एक भी मौत नहीं होती है, क्योंकि वहां सरकार की नीति ठीक है। हमारे यहां मौत होती है। … (व्यवधान)